RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 31 मार्च 2024 | वर्ष 05 | अंक 339 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## नवी मुंबई में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, जब्त किए नकली नोट




**ठाणेः** नवी मुंबई पुलिस ने दो व्यक्तियों के पास से 13.5 लाख रुपये मूल्य के जाली नोट जब्त किए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की शाम को नियमित निगरानी के दौरान नेरुल इलाके में एक मंदिर के पास से 13.5 लाख रुपये मूल्य के जाली नोट जब्त किए गए। उनके अनुसार, इन नोट चिल्ड्रन बैंक ऑफ इंडिया, फुल ऑफ फन'' लिखा था। उन्होंने कहा कि ये नोट महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के दिनेश यशवंत धवल (39) और झारखंड के हजारीबाग के शंभुकुमार प्रभुदयाल शर्मा (32) के पास मिले। उन्होंने बताया कि दोनों वर्तमान में नवी मुंबई में रह रहे थे।

# बीएमसी कॉन्ट्रेक्टर को लूटा!

## ''काम के लिए देना होगा हफ्ता''

**मुंबई : चुनाभट्टी पुलिस ने बीएमसी कॉन्ट्रेक्टर से उगाही और लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बीएमसी कॉन्ट्रेक्टर ने पानी की पाइप लाइन बिछाने के लिए पाइप लाकर रखा था।**



आरोपियों ने पाइप भी चुरा लाये और कॉन्ट्रेक्टर को धमकाकर उसके जेब से जबरन पैसे भी निकाल लिए। चूनाभट्टी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों का नाम आकाश खंडागले, उमेश मारुति फालने, राकेश उर्फ पिंट्या रमेश राणे, सुधीर बेटकर और ऋषिकेश भोवाल है। आरोपी ने शिकायतकर्ता को धमकी दी कि उसे पानी की पाइप लाइन के काम के लिए पिंट्या भाई उर्फ फलेभाई के गिरोह को हफ्ता देना होगा, लेकिन उसने फिरौती देने से मना कर दिया। तब शिकायतकर्ता को चाकू दिखाकर उनके जेब से दो हजार रुपये निकालकर मारने की धमकी दी। उनके कार्यस्थल से जबरन पाइप हटाया और लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। पाईप इतना बड़ा है कि उसे करें से उठाया जाता था। पुलिस को शक है कि आरोपी ने पाइप लेजाकर बेच डियक होगा। जिसकी जांच चूनाभट्टी पुलिस ककर रही है। मामले में आईपीसी की धारा 392, 387, 504, 506 (2), 34 समेत 37 (1) (ए), 135 मुंबई पुलिस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त, जोन 6 हेमराज सिंह राजपूत और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, चूनाभट्टी पुलिस स्टेशन, अंकुश गायकवाड़ के मार्गदर्शन में एक पुलिस टीम का गठन किया गया था। उक्त टीम ने जाल बिछाया और दो घंटे के भीतर आरोपियों को पकड़ लिया गया। मामले की अधिक जांच डिटेक्शन अधिकारी नवनाथ काले कर रहे हैं।

# पूर्व मंत्री नवाब मलिक की तबीयत बिगड़ी

## सांस लेने में दिक्कत आने के बाद अस्पताल में कराया गया भर्ती



**मुंबई :** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक की तबीयत बिगड़ने की बात सामने आई है। पूर्व मंत्री को सांस लेने में कठिनाई की शिकायत के बाद कुर्ला के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बात की जानकारी उनकी बेटी ने दी है। बता दें कि इससे पहले भी नवाब मलिक की तबीयत खराब होने की खबर सामने आई थी।

**मेडिकल आधार पर मिली थी अंतरिम जमानत**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता नवाब मलिक को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अंतरिम जमानत भी मेडिकल आधार पर मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत छह महीने के लिए बढ़ा दी थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलीसिटर जनरल एसवी राजू के इस पर आपत्ति नहीं जताई थी।

## कांग्रेस के दिग्गज नेता शिवराज पाटिल की बहू बीजेपी में हुई शामिल



**मुंबईः** आगामी लोकसभा चुनाव से पहले, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल की बहू, अर्चना पाटिल चाकुरकर, उप प्रमुख की उपस्थिति में शनिवार को भाजपा में शामिल हो गईं। मंत्री देवेन्द्र फड़नवीस . चाकुरकर को पार्टी में शामिल करने के मौके पर प्रदेश भाजपा प्रमुख चन्द्रशेखर बावनकुले भी मौजूद थे। अर्चना पाटिल उदगीर में लाइफकेयर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की अध्यक्ष हैं और उनके पति शैलेश पाटिल चंदूरकर कांग्रेस के राज्य सचिव हैं। चाकुरकर ने शुक्रवार को दक्षिण मुंबई में उनके आधिकारिक आवास 'सागर' में फड़णवीस से मुलाकात की थी।

शिवराज पाटिल ने 2004 से 2008 तक कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के तहत केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में कार्य किया। इस बीच, निर्दलीय सांसद (सांसद) नवनीत राणा नागपुर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हो गए। ''पिछले पांच साल से मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों पर काम कर रही थी, मेरी विचारधारा अलग नहीं है। मेरे पति विधायक रवि राणा ने भी महाराष्ट्र में बीजेपी सरकार का समर्थन किया था। पीएम मोदी जमीनी स्तर पर काम करने वालों का समर्थन करते हैं।'' मुझे टिकट दिया। बीजेपी ने मेरी मेहनत का सम्मान किया है और हम चुनाव जीतकर 400 पार का संकल्प पूरा करेंगे...मैं बीजेपी के लिए एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में काम करूंगा ,'' नवनीत राणा ने कहा। बीजेपी ने महाराष्ट्र के अमरावती से नवनीत राणा और कर्नाटक के चित्रदुर्ग से गोविंद करजोल को मैदान में उतारा है।

# पालघर जिले में शादी की जिद करने पर लिव-इन पार्टनर की हत्या!

## आरोपी प्रेमी बंगाल से गिरफ्तार...




**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में 22 वर्षीय एक महिला की उसके 'लिव-इन पार्टनर' ने गला घोंटकर हत्या कर दी, क्योंकि वह उससे शादी करने की जिद कर रही थी। पुलिस ने कुछ दिन बाद आरोपी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए शुक्रवार को बताया कि 15 मार्च को पालघर जिले के दहानू शहर में किराए के एक कमरे में महिला का क्षत-विक्षत शव पाए जाने के बाद इस अपराध के बारे में जानकारी मिली।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि 26 वर्षीय आरोपी मिनाजुद्दीन अब्दुल अजीज मुल्ला उर्फ रवींद्र रेड्डी को 22 मार्च को पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले से गिरफ्तार किया गया था, जहां वह और पीड़िता रहते थे। शुक्रवार को मीडिया को संबोधित करते हुए, जिला पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल ने कहा, ''महिला, अनीशा बरस्ता खातून 15 मार्च को दहानू की एक चॉल में स्थित एक कमरे में मृत पाई गई थी, जहां वह अपने 'लिव-इन पार्टनर' के साथ रहती थी।'' उन्होंने कहा, जल्द ही पुलिस उपाधीक्षक (दहानू डिवीजन) अंकिता कंसे की अगुवाई में एक पुलिस टीम का गठन किया गया, जो जांच का नेतृत्व कर रही थी।

**दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को बताया**

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी मुल्ला पश्चिम बंगाल का रहने वाला है और उसने दहानू में किराये पर कमरा लेने के लिए अपना नाम रवींद्र रेड्डी रखा और यह दिखावा किया कि पीड़िता उसकी पत्नी है। उन्होंने कहा कि यह अपराध तब सामने आया जब पड़ोसियों ने कमरे से दुर्गंध आने की शिकायत की और मालिक को सूचित किया। कमरे के अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर मालिक ने दरवाजा खोला और उन्हें अंदर महिला का क्षत-विक्षत शव पड़ा हुआ मिला। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित कर दिया। आरोपियों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए, दहानू पुलिस थाने की एक टीम को पश्चिम बंगाल भेजा गया था। उन्होंने कहा कि सात दिनों के लगातार प्रयासों के बाद, उन्होंने 22 मार्च की सुबह मुल्ला को पकड़ लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज शिरसाट ने कहा कि आरोपी ने पीड़िता की हत्या इसलिए की क्योंकि वह उससे शादी करने की जिद कर रही थी।

## अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



**ठाणे :** महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने नवी मुंबई से पांच बांग्लादेशी नागरिकों को वैध दस्तावेजों के बिना देश में रहने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एटीएस की विक्रोली इकाई (मुंबई) द्वारा शुक्रवार को घनसोली में दो स्थानों पर एक अभियान चलाया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, 'एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एटीएस ने पांच बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया, जो वैध दस्तावेजों के बिना भारत में रह रहे थे। उन्हें घनसोली में जनाई 'कंपाउंड' और शिवाजी तलाव के पास से पकड़ा गया।' उन्होंने बताया कि आरोपी ए. जमाल शेख (22), रेबुल समद शेख (40), रोनी सोरिफुल खान (25), जुलु बिलाल शरीफ (28) और मोहम्मद मुनीर मोहम्मद सिराज मुल्ला (49), बांग्लादेश के दो जिलों के रहने वाले थे और नवी मुंबई में राजमिस्त्री के रूप में कार्यरत थे।



## संपादकीय / लेख



# कल के नासूर वरदान हो गए

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

कहीं टीस, कहीं उम्मीद के साथ कांग्रेस से छिटके छह विधायकों का सम्मान समारोह भाजपा के बैनर तले, कुछ कह गया, कुछ सुन गया। टीस पहले कांग्रेस में बगावत तक पहुंची और अब भाजपा के भीतर अपनी अंगुलियां मरोड़ रहे नेताओं तक पहुंच गई। भाजपा काफिला बनाने में माहिर है, इसलिए उपचुनावों की पारी में खुद के साथ पूर्व कांग्रेसी विधायकों को तराश रही है। यह दीगर है कि इस कसरत में जिनसे कुर्सियां छीनी गईं वे अब आलमगीर बने नजर आते हैं। भाजपा के चोटीधारी अब मूंछ पर हाथ फेर रहे हैं, तो यह समझना लाजिमी है कि क्यों पार्टी ने चुपके से पूछ लिया,ह्यतेरा क्या होगा कालियाह्न। मलाल के दौर से गुजर रहे पूर्व मंत्री रमेश धवाला, किशन कपूर, रामलाल मार्कंडेय व वीरेंद्र कुंवर जैसे नेताओं के गुलदस्ते में कांटे भर कर भाजपा ने कौनसी नसीहत-कौनसी फजीहत की, यह आविष्कार केवल यही पार्टी कर सकती है, वरना कभी कांगड़ा के नेताओं ने धूमल सरकार के रास्ते में कोई कम कांटे नहीं बिछाए थे। ज्वाला चाहे धवाला की रही हो या किशन कपूर की, कांगड़ा अपने भाग्य जगाने के लिए हमेशा आग में कूदा है। इस बार भी अगर सुधीर शर्मा ने अपने विधायक पद की आहुति दी, तो यह चमत्कार नहीं, आग का बिछौना है। इसी तरह की आग के बिछौने पर एक साथ नौ विधायक अगर राजनीति के हवन कुंड में कूदे हैं, तो देखना यह है कि भाजपा इन्हें झुलसने से कैसे बचाती है।

भाजपा के संयम और कृपादृष्टि का अद्भुत संगम तमाम नौ बागी विधायकों के सम्मान समारोह में देखा गया, जहां सूखी नदियां सागर से जा मिलीं, लेकिन बादलों ने आंसू रोक लिए। जो कल तक अपशब्द थे, वे आज पुष्प बन गए। यह कैसी खुदाई, यह कैसा मंजर, कल के नासूर वरदान हो गए। यह चुनाव की नई परेड है, जहां फूल खुद चुन रहा है किसी के लिए हार। हमीरपुर में राजिंद्र राणा, इंद्रदत्त शर्मा और आशीष शर्मा का स्वागत समारोह, अतीत की न जाने कितनी बरसियां मना गया। भाजपा में इनके आगमन की सौगात ने कितने जख्म भुलाए या भीतर ही भीतर कितने भाजपाई सताए, यहां इतिहास सबसे कड़वा घूंट पी रहा होगा, लेकिन कमाल के पलक पांवड़े हैं जिनका इस्तेमाल यह पार्टी कर लेती है। इसी हमीरपुर के सुजानपुर में एक घोषित मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से जिस राजेंद्र राणा ने पद और पदक छीना था, उसके लिए आसन बिछाए भाजपा इंतजार कर रही है। ये सियासत का भरत मिलन है जो सांसद अनुराग ठाकुर के हाथों राजेंद्र राणा को पार्टी का तिलक लगाता है और फिर आशीर्वाद की मुद्रा में धूमल परिवार का आलिंगन करना चाहता है। हम सवा साल के भीतर केवल उपचुनाव नहीं देख रहे, बल्कि हिमाचल की सूरत में अपना विश्वास, अस्तित्व और स्थायित्व में रिसाव भी देख रहे हैं। इस परिदृश्य की अभिशप्त फिजाओं से हम कतई यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हिमाचल का आर्थिक ढांचा मजबूत होगा या मुद्दों की बात पर कोई नेता पैदा होगा। हमारे संघर्ष या तो कर्मचारी राजनीति की गोद में बैठे रहे या हर बार मतदान ने सिर्फ पटकनी का इजहार किया। एक बार फिर हिमाचल में पटकनी बनाम पटकनी का मुकाबला केवल पार्टियों के बीच नहीं, नेताओं के बीच भी है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# महाराष्ट्र में ननद बनाम भौजाई...

# बारामती सीट पर सुप्रिया सुले के खिलाफ चुनाव में उतरीं सुनेत्रा पवार

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव की सियासी लड़ाई अब मजेदार हो गई है. राज्य की बारामती सीट पर अब ननद और भौजाई के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा. शनिवार को एनसीपी शरद पवार गुट और अजित पवार गुट ने बारामती सीट पर अपने-अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है. शरद पवार गुट ने सीट पर सुप्रिया सुले को टिकट दिया है. वहीं, अजित पवार गुट ने सुनेत्रा पवार को मैदान में उतारने का ऐलान कर दिया. सुप्रिया सुले शरद पवार की बेटी हैं जबकि सुनेत्रा पवार डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्न ी हैं. शरद पवार गुट ने आज अपने लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा की. इस सूची में शरद पवार ने पांच सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है. बारामती से



सुप्रिया सुले और शिरूर से अमोल कोल्हे का नाम घोषित किया है. वर्धा से अमर काले और डिंडोरी से भास्कर भागरे तथा अहमदनगर से नीलेश लंका को लोकसभा उम्मीदवार घोषित किया है.

कहा जा रहा था कि नितेश कराले गुरुजी को वर्धा लोकसभा क्षेत्र से टिकट मिलेगा, लेकिन उन्हें टिकट नहीं दिया गया. बारामती निर्वाचन क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी पर ठउढ नेता सुनेत्रा पवार ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए सबसे भाग्यशाली दिन है.

### हॉट सीट बनी बारामती

**महाराष्ट्र में शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी में जब से दो फाड़ हुए हैं तब से ही बारामती की सीट को लेकर बयानबाजी सामने आती रही है. अब वो सियासी लड़ाई ननद-भाभी के आमने-सामने आने तक पहुंच गई है. इसी के साथ बारामती सीट राज्य की सबसे वीआईपी और दिलचस्प मुकाबला वाली सीट बन गई है. इस सीट पर शरद पवार का सिक्का चलता रहा है. उनके बाद उनकी विरासत को सुप्रिया संभाल रहीं हैं, लेकिन अब बदले राजनीतिक हालात में पिता की विरासत को बचाना आसान नहीं माना जा रहा है.**

### एक तरफ शरद पवार की इमोशनल अपील, दूसरी ओर मोदी की गारंटी...

**एक तरफ शरद पवार इस सीट पर लगातार लोगों से इमोशनल अपील करते हुए नजर आए है. इसके पीछे उन्होंने कई सालों के रिश्ते-नाते की बाट कहकर लोगों से फिर से जिताने की अपील कर रहे हैं तो दूसरी अजित गुट है जो कि विकास और मोदी की गारंटी पर यकीन दिला रहा है. कहा ये भी जा रहा है कि बारामती सीट पर लड़ाई ननद-भाभी के बीच में भले हैं, लेकिन साख तो चाचा और भतीजे की दांव पर लगी है.**

# कामा अस्पताल में खुलेंगे नौ नये विभाग... मुंबई, ठाणे, भिवंडी, नवी मुंबई और रायगढ़ के मरीजों को राहत मिलेगी



**मुंबईः** राज्य सरकार ने एक कार्यरत अस्पताल को मेडिकल कॉलेज से जोड़ने का निर्णय लिया है। इसके अनुसार कामा हॉस्पिटल में जल्द ही नौ नए विभाग शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इससे कामा अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मुंबई, ठाणे, भिवंडी, नवी मुंबई और रायगढ़ के मरीजों को राहत मिलेगी। जीटी अस्पताल को 100 छात्रों की क्षमता वाले मेडिकल कॉलेज में बदलने का निर्णय लिया गया है। राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान आयोग के मानकों को पूरा करने के लिए, जी.टी. राज्य सरकार ने अस्पताल के साथ ही कामा अस्पताल को भी मेडिकल कॉलेज में शामिल करने का निर्णय लिया है. इस फैसले के साथ ही कामा हॉस्पिटल को और अपडेट किया जाएगा. इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने कामा हॉस्पिटल में नौ नए विभाग शुरू करने का निर्णय लिया है।

तदनुसार, कामा अस्पताल में एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, फोरेंसिक मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी, फामाकोलॉजी, डायग्नोस्टिक्स, गायनोकोलॉजी और पीडियाट्रिक्स नामक नौ नए विभाग शुरू किए जाएंगे। इन विभागों के लिए आवश्यक विभागाध्यक्षों, प्रोफेसरों, एसोसिएट प्रोफेसरों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द ही की जाएगी। जीटी कामा अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान आयोग से मेडिकल कॉलेज को अनुमति मिलते ही यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। तुषार पालवे द्वारा दिया गया। वैसे तो कामा हॉस्पिटल में राज्य के कोने-कोने से मरीज आते हैं, लेकिन मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, भिवंडी, पालघर और रायगढ़ से भी बड़ी संख्या में मरीज आते हैं। इन मरीजों को सबसे ज्यादा फायदा होगा.

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय निरुपम का शिवसेना यूबीटी पर हमला, वह बिना कांग्रेस के सपोर्ट के एक भी...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर अभी तक अंदरुनी कलह बरकरार रहने के संकेत दिख रहे हैं. मुंबई नॉर्थ वेस्ट सीट से शिवसेना यूबीटी के उम्मीदवार उतारे जाने के बाद संजय निरुपम की नाराजगी काफी बढ़ी हुई है. इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद संजय निरूपम ने शनिवार (30 मार्च) को एक बार फिर (शिवसेना यूबीटी) और उसके प्रवक्ता संजय राउत पर हमला बोला है. संजय निरुपम ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने कुछ सीटों पर फ्रेंडली फाइट का प्रस्ताव दिया तो 'उबाठा'ग्रुप बिलबिला गया है. संजय निरुपम ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि कांग्रेस नेतृत्व शिवसेना यूबीटी की 'गीदड़ भभकी'में नहीं आएगा. उन्होंने दावा किया कि उबाठा ग्रुप बिना कांग्रेस के सपोर्ट के एक भी सीट नहीं जीत सकता है.

**संजय निरुपम का शिवसेना यूबीटी पर हमला**

मुंबई कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय निरुपम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, ''जब कांग्रेस नेतृत्व ने कुछ सीटों पर फ्रेंडली फाइट का प्रस्ताव दिया तो उबाठा ग्रुप बिलबिला गया है. उबाठा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता ने कांग्रेस को धमकी दी है और कहा है कि सभी सीटों पर फ्रेंडली फाइट करिए. इस बिलबिलाहट का कारण क्या है? कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने आगे कहा, ''यह मेरी खुली चुनौती है. वैसे भी, मुंबई के मराठी भाषी समाज में उबाठा ग्रुप के खिलाफ जबरदस्त नाराजगी है. उम्मीद करता हूं इस माहौल में कांग्रेस नेतृत्व प्रवक्ता की गीदड़ भभकी में नहीं आएगा. ''बता दें कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना यूबीटी ने मुंबई नॉर्थ वेस्ट लोकसभा सीट से अमोल कीर्तिकर को चुनावी मैदान में उतारा है. वहीं, संजय निरुपम कांग्रेस के टिकट पर खुद इस लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे.




# पुणे में नए शराब लाइसेंस... नवीनीकरण 4 जून तक बंद



**पुणेः** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शहर और जिले में देशी-विदेशी शराब, बीयर, वाइन की बिक्री के लिए नए लाइसेंस, लाइसेंस सुधार, ट्रांसफर और नवीनीकरण की प्रक्रिया आचार संहिता पूरी होने तक बंद कर दी गई है. साथ ही वास्तविक मतदान के 48 घंटे पहले से लेकर मतदान प्रक्रिया की समाप्ति तक और मतगणना के दिन शुष्क दिवस घोषित किया गया है. इसलिए इस दिन शराब की बिक्री वर्जित है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सुहास दिवसे ने आदेश जारी कर दिए हैं.

जिले में बारामती निर्वाचन क्षेत्र के लिए शराब की बिक्री 5 मई को शाम 6 बजे से 7 मई को वास्तविक मतदान प्रक्रिया के अंत तक बंद रहेगी, जबकि तीन लोकसभा क्षेत्रों पुणे, मावल और शिरूर के लिए 11 मई को शाम 6 बजे से समाप्ति तक शराब की बिक्री बंद रहेगी। 13 मई को मतदान. साथ ही लोकसभा चुनाव की मतगणना वाले दिन यानी 4 जून को पूरे दिन शराब की सभी दुकानें, शराब की दुकानें और शराब से जुड़े अन्य प्रतिष्ठान बंद रहेंगे.

बारामती और अन्य तीन निर्वाचन क्षेत्रों में सूखा दिवस मनाने के लिए मतदान से 48 घंटे पहले बार, दुकानें और ताड़ी केंद्र बंद रहेंगे और यातायात प्रतिबंधित रहेगा। केवल लाइसेंस धारक ही शराब का उत्पादन कर सकेंगे। हालाँकि, बिक्री और परिवहन बंद रहेगा। आदेश में चेतावनी दी गई है कि यदि इन नियमों का पालन नहीं किया गया तो महाराष्ट्र शराब निषेध अधिनियम 1949 और उसके तहत प्रावधानों के अनुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मुंबई में करोड़ों का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया, बकायेदारों की जब्त प्रॉपर्टी नीलाम करने में बीएमसी नाकाम

## बीएमसी सिर्फ चेतावनी देकर ही रह जाती है

**मुंबई :** बीएमसी लगातार टॉप टेन प्रॉपर्टी टैक्स बकाएदारों की लिस्ट जारी कर रही है, लेकिन जिनकी प्रॉपर्टी जब्त की गई है, उसकी आज तक नीलामी नहीं कर सकी है। साल 2005 के बाद से बीएमसी अब तक बकाएदारों की जब्त प्रॉपर्टी को नीलाम नहीं कर सकी है। प्रॉपर्टी टैक्स न जमा करने वालों की कुल 5000 से अधिक प्रॉपर्टी जब्त की है। जिसमें से 3945 की पहले चरण में नीलामी करने की योजना है। बीएमसी इन संपत्तियों की नीलामी नई योजना पिछले साल से बना रही है, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि ने एक साल पहले इन संपत्तियों की नीलामी करने की योजना बनाई




थी। लेकिन नीलामी के लिए बीएमसी वैलुअर, ऑक्शन, एसेट ट्रेसिंग और टेंडर का काम पूरा नहीं कर पाई है। बीएमसी के खजाने में प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में अब तक 2213 करोड़ रुपये जमा हुए हैं। जबकि बीएमसी ने 4500 करोड़ रुपये जमा करने का लक्ष्य रखा है। मौजूदा आर्थिक वर्ष 31 मार्च को समाप्त हो रहा है, ऐसे में कम ही उम्मीद है कि बीएमसी अपना टारगेट पूरा कर पाएगी। बीएमसी ने प्रॉपर्टी टैक्स के बड़े बकाएदारों को चेतावनी दी है कि यदि वे तय समय पर टैक्स नहीं जमा करेंगे, उनकी प्रॉपर्टी को सील करने के साथ जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

### ऐसे लोग हैं बकाएदार

बीएमसी ने इससे पहले वर्ष 2005 में जब्त प्रॉपर्टी की नीलामी की थी। मुंबई में 500 वर्ग फुट तक के घरों की प्रॉपर्टी टैक्स माफी के कारण बीएमसी की आय के स्रोत सीमित हो गए हैं। प्रॉपर्टी टैक्स न जमा करने वालों की बीएमसी प्रॉपर्टी जब्त करती है। बीएमसी अधिकारी ने बताया कि फरवरी, 2020 में जब्त एक कंपनी का दो हेलिकॉप्टर भी शामिल हैं। बीएमसी को उम्मीद थी कि नीलामी से 1.64 करोड़ रुपये का बकाया मिल जाएगा, लेकिन कंपनी ने हेलिकॉप्टर का प्रमुख पार्ट्स निकाल लिया है, इसलिए उसकी वैल्यू कम हो गई है। बीएमसी ने बकाएदारों के हेलिकॉप्टर के साथ भूखंड, दुकान, महंगी गाड़ियां, कंप्यूटर व फर्नीचर तक जब्त किए हैं। बता दें कि बीएमसी के प्रॉपर्टी टैक्स बकाएदारों में आवासीय इमारत, व्यावसायिक संस्थान, औद्योगिक संस्थान, ओपन स्पेस, लघु उद्योग, सरकारी स्वामित्व वाली संपत्ति, शैक्षणिक संस्थान व मॉल्स आदि शामिल हैं।

# युवती ने नदी में लगा दी छलांग... समय रहते ग्रामीणों की मदद से युवती सुरक्षित

**बदलापुरः** निजी कारणों से आत्महत्या करने के इरादे से बुधवार की रात एक युवती ने नदी में छलांग लगा दी, लेकिन प्रदूषण के कारण नदी में बनी जल फिल्म की परत ने उसकी जान बचा ली. उल्हास नदी बदलापुर शहर के पश्चिमी भाग में वलवली से बहती है। इस जगह पर पुल पर ऐसा हुआ. स्थानीय लोगों की मदद से लड़की की जान बचा ली गई है.



उल्हास नदी बदलापुर के वालीवली इलाके में बहती है। यहां बुधवार की रात एक युवती ने आत्महत्या के इरादे से सीधे नदी में छलांग लगा दी. लेकिन उल्हास नदी में प्रदूषण के कारण वर्तमान में बड़ी मात्रा में जलपक्षी हो गए हैं। ये युवती इसी जलपक्षी में फंस गई. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड कर्मियों को दी. इसके बाद तुरंत पशु मित्र और आपदा प्रबंधन टीम के मनोहर मेहर मौके पर पहुंचे. रात के अंधेरे में मनोहर मेहर सुरक्षा उपकरण पहनकर रस्सी के सहारे नदी में उतरा. नदी में पानी में फंसने के बाद मेहर और ग्रामीणों ने बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला. बच्ची का फिलहाल बदलापुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है. हालाँकि, इस युवती को जलपक्षी से लाभ हुआ जो जलीय जीवन और मानव जीवन के लिए हानिकारक है।

# पुणे रेलवे यात्री की मौत का कारण गैंग का सरगना गिरफ्तार,

## यात्री के हाथ में लगी थी गोली

**कल्याणः** कल्याण लोहमार्ग पुलिस ने बुधवार को उल्हासनगर से एक चोर को गिरफ्तार किया, जिसने मोबाइल फोन चुराया और इंटरसिटी एक्सप्रेस के दरवाजे पर कल्याण और विठ्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे लाइन के पास खड़े एक यात्री के हाथ पर वार कर दिया, जिससे संबंधित यात्री की मौत हो गई. .



गिरफ्तार चोर का नाम आकाश मनोहर जाधव है. चोरी हुआ महंगा मोबाइल फोन पुलिस ने जब्त कर लिया है. मृतक यात्री की पहचान प्रभास उर्फ राघव जगदीश भांगे के रूप में हुई है। यह यात्री मुंबई में रहता है. पुणे में एक बैंक में कार्यरत. वह होली के लिए अपने घर मुंबई आए थे। वह अगले दिन काम पर जाने के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा था। विठ्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन के पास जैसे ही एक्सप्रेस धीमी हुई, रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ा आरोपी आकाश प्रभास के हाथ पर जोर से मारता है। वह अपना संतुलन खो बैठा और रेलवे ट्रैक पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। मामले की जांच कल्याण लोहमार्ग पुलिस कर रही थी.

सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित किया गया. इस वीडियो में जाहिद जैती नाम का यात्री एक्सप्रेस के दरवाजे पर खड़ा है और मोबाइल फोन से उसकी तस्वीर ले रहा है. उसी समय रेलवे ट्रैक के पास खड़े एक चोर ने उसके हाथ पर जोर से प्रहार कर दिया। लेकिन सतर्क जाहिद ने मोबाइल फोन कसकर पकड़ लिया था, इसलिए वह चोर को रेलवे ट्रैक पर धकेलने में असमर्थ रहा। इस मोबाइल में सेंध लगाने वाले चोर को जेल हो गई।

पुलिस ने वीडियो में दिख रहे चोर की पहचान की और उसे उल्हासनगर से गिरफ्तार कर लिया. इस गिरफ्तारी से पुलिस को आकाश के पास से एक और महंगा मोबाइल बरामद हुआ. उसका मोबाइल बंद था. पुलिस ने उस मोबाइल को खंगाला तो पता चला कि वह मोबाइल पुणे के प्रभास भांगे का है, जिनकी विठ्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन के पास एक्सप्रेस से गिरकर मौत हो गई थी. इस मामले में पुलिस जांच में पता चला कि प्रभास की मौत एक्सप्रेस से गिरने से नहीं, बल्कि मोबाइल फोन चोरी करने के आरोप में आकाश ने उसके हाथ पर मारा था और प्रभास लड़खड़ाकर रेलवे ट्रैक पर गिर गया था. चूंकि आकाश जाधव प्रभास की मौत के लिए जिम्मेदार हैं, इसलिए पुलिस ने उनके खिलाफ कल्याण लोहमार्ग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया है।

# जुहू चौपाटी पर दिनदहाड़े बलात्कार... उच्च न्यायालय ने आरोपी को जमानत दी

**मुंबईः** उच्च न्यायालय ने बलात्कार के आरोपी को जमानत देते हुए कहा कि कोई भी इस बात पर विश्वास नहीं करेगा कि आरोपी पीड़िता को हमेशा भीड़भाड़ वाले जुहू चौपाटी पर ले गया और वहां दिनदहाड़े उसके साथ बलात्कार किया। याचिकाकर्ता 2021 से जेल में है और इस मामले में अभी तक आरोप तय नहीं हुए हैं. इस पृष्ठभूमि में, न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की एकल पीठ ने जमानत देते समय यह भी उल्लेख किया कि याचिकाकर्ता जमानत के लिए पात्र है।

पुलिस के आरोपों के मुताबिक, पीड़िता नाबालिग थी और ओशिवारा में घरेलू नौकरानी थी। उस समय




उसकी पहचान याचिकाकर्ता से हुई जो सुरक्षा गार्ड के रूप में काम कर रहा था। बाद में वे दोस्त बन गए और दोस्ती प्यार में बदल गई। घटना के दिन यानी 14 मई 2021 को ईद-उल-फितर पर याचिकाकर्ता पीड़िता को जुहू चौपाटी पर ले गया। उसने वहां उसके साथ सेक्स करने की इच्छा जताई. हालांकि पीड़िता ने इससे इनकार किया है. इससे नाराज होकर याचिकाकर्ता ने पीड़िता को धमकाया और उसे जबरन समुद्र तट पर पत्थरों के पीछे ले गया और उसके साथ बलात्कार किया. चूंकि पीड़िता नाबालिग थी, इसलिए पुलिस ने याचिकाकर्ता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत बच्चों के यौन अपराधों की रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

हालाँकि, न्यायमूर्ति चव्हाण की एकल पीठ ने आदेश में बताया कि पीड़िता की उम्र 19 साल से अधिक और 20 साल से कम पाए जाने पर याचिकाकर्ता पर बच्चों के यौन अपराधों की रोकथाम अधिनियम अधिनियम के प्रावधानों के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है। यह भी दोहराया गया कि कोई भी इस बात पर विश्वास नहीं करेगा कि याचिकाकर्ता ने पीड़िता का यौन उत्पीड़न किया था, जब हमेशा भीड़भाड़ वाले जुहू चौपाटी पर ईद जैसे सार्वजनिक अवकाश पर और भी अधिक भीड़ होती थी। इसी तरह यह भी स्पष्ट किया गया है कि याचिकाकर्ता को जमानत दी जा रही है।




# क्राइम ब्रांच पुलिस ने मांगी 10 लाख की रिश्वत

## काशीमीरा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज



**भयंदर :** एक आरोपी की जमानत के लिए उसके भाई से 10 लाख की रिश्वत मांगने के आरोप में अपराध शाखा-1 के सहायक पुलिस निरीक्षक के खिलाफ काशीमीरा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। इस भ्रष्ट पुलिस वाले का नाम कैलास टोकले है। मामला ठाणे के रिश्वत निरोधक विभाग द्वारा दायर एक शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है।

वादी होम गार्ड फोर्स में कार्यरत है और भयंदर में रहता है। वादी के भाई को धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं. मामले की जांच अपराध शाखा 1 टीम के सहायक पुलिस निरीक्षक कैलास टोकले (41) ने की। इस मामले में वादी के भाई की जमानत कराने और आरोपी के पक्ष में दस्तावेज तैयार करने के लिए टोकले ने 10 लाख की रिश्वत मांगी थी. इस संबंध में शिकायतकर्ता ने ठाणे के भ्रष्टाचार निरोधक विभाग में शिकायत दर्ज कराई। इसके मुताबिक जाल बिछाने और रिश्वत मांगने की बातचीत रिकॉर्ड हो गई. लेकिन वह नहीं आये क्योंकि टोकले को रिश्वत की रकम लेते समय संदेह हो गया था. हालांकि, रिश्वत मांगने के सबूतों के आधार पर टोकले के खिलाफ बुधवार देर रात काशीमीरा पुलिस स्टेशन में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (अनुसंधान 2018) की धारा 7 के तहत ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर नितिन थोराट ने दी जानकारी.

# एक दिन में तीन करोड़ से ज्यादा टैक्स जमा, पनवेल नगर निगम के खजाने में अब तक 333 करोड़ रुपए

**पनवेलः** पनवेल नगर निगम के सैकड़ों करदाता मार्च के अंत तक अतिदेय कर का भुगतान करने पर जुमार्ना से बचने के लिए संपत्ति कर का भुगतान कर रहे हैं और गुरुवार को नगर पालिका के खजाने में तीन करोड़ से अधिक कर जमा हो गया है. नगर निगम प्रशासन ने बताया कि यह अब तक की सबसे अधिक वसूली है।

मार्च माह में वित्तीय वर्ष समाप्त होने के कारण करदाता टैक्स का भुगतान कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक 333 करोड़ संपत्ति कर संग्रह किया गया है। नगर पालिका द्वारा कर वसूली के लिए नियुक्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बदौलत यह वसूली प्रभावी ढंग से



हो रही है। पनवेल नगर निगम में साढ़े तीन लाख करदाता हैं और उनका संपत्ति कर संग्रह बकाया है। सिडको के औद्योगिक एस्टेट और आवासीय क्षेत्रों से अब तक 333 करोड़ रुपये एकत्र किए गए हैं। इसमें नगर पालिका के जनसंपर्क विभाग ने प्रमुखता से यह खबर प्रकाशित की थी कि रु. इसी खारघर कॉलोनी की एक सामाजिक संस्था (खारघर फोरम) ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है. याचिका पर अब तक फैसला नहीं होने से करदाता असमंजस में हैं। तत्कालीन मनपा आयुक्त गणेश देशमुख ने करदाताओं से टैक्स चुकाने की अपील की है.

हाईकोर्ट ने टैक्स कम करने या माफ करने पर अगले वित्तीय वर्ष में निवासियों द्वारा भुगतान की गई टैक्स राशि वापस करने का वादा किया है।

### अब तक 450 से अधिक जब्ती पूर्व नोटिस

**नगरपालिका प्रशासन ने अब तक विभिन्न नोड्स में बकाया संपत्ति के मालिकों को 450 से अधिक पूर्व-जब्ती नोटिस और 16 वारंट नोटिस वितरित किए हैं, यह मानते हुए कि बकाया कर की राशि के बिना नगरपालिका में विकास संभव नहीं है। इस बीच, संपत्ति कर का भुगतान न करने पर दोषी करदाताओं के लिए जुमार्ना हर महीने 2 प्रतिशत बढ़ रहा है।**

# ड्रग फैक्टरी का भंडाफोड... 252 करोड़ रुपये का मेफेड्रोन जब्त !

**मुंबईः** पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. क्राइम ब्रांच ने एक अवैध ड्रग्स फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है. यह फैक्टरी मेफेड्रोन बनाने के लिए अस्थायी कारखाने के तौर पर काम कर रही थी. यहां से 252 करोड़ रुपये का मेफेड्रोन जब्त की. बताया जा रहा है कि 5 हजार करोड़ रुपये



से ज्यादा की मेफेड्रोन और अन्य सिंथेटिक दवाएं भी जब्त की गईं. यहां पिछले 8 महीनों से काम चल रहा था और किसी को भी इसकी जानकारी नहीं थी. मौके से पुलिस ने एक महिला हिस्ट्रीशीटर, ड्रग तस्कर समेत चार लोगों को अरेस्ट किया. ड्रग तस्कर की कीमत लगभग 7 करोड़ रुपये मूल्य की 3.6 किलोग्राम मेपेहड्रोन के साथ पकड़ा. मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 7 टीम ने 25 मार्च को जिले के कवटेमहाकल तालुका के इरली गांव में छापा मारा था. क्राइम ब्रांच के डीसीपी दत्ता नलवाडे ने बताया कि कुल जब्ती 252 करोड़ रुपये से अधिक है. पुलिस ने बताया कि मेफेड्रोन के अलावा सोने के गहने, नकदी और एक लग्जरी कार भी मिली. पुलिस ने बताया कि अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. इस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है. आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि यह ड्रग्स देश के अलग-अलग हिस्सों में सप्लाई की जाती थी.

# कॉल सेंटर में काम करने वाले सुधीर सिंह हत्याकांड का मुख्य मुखबिर गिरफ्तार

**वसई :** कॉल सेंटर में काम करने वाले सुधीर सिंह की हत्या कर फरार मुख्य आरोपी राहुल पाल उर्फ मर्दा को पेल्हार पुलिस ने उत्तर प्रदेश के भदोई जिले के जंगल में पीछा कर गिरफ्तार कर लिया. वह पिछले 3 महीने से पुलिस से बच रहा था. कांदिवली का रहने वाला सुधीर सिंह (27) एक कॉल सेंटर में काम करता था। 12 जनवरी, 2024 को नालासोपारा पूर्व के गौरीपाड़ा इलाके के विशालपांडे नगर में सिंह की हत्या कर दी गई थी। पूर्ववैमान्यस से 8 लोगों ने उसका अपहरण कर लिया और नालासोपारा ले आए और धारदार हथियार से हत्या कर दी। इस मामले में 3 आरोपियों को सेंट्रल क्राइम ब्रांच और 2 आरोपियों को क्राइम ब्रांच 2 की टीम ने गिरफ्तार किया था. लेकिन मुख्य आरोपी राहुल पाल उर्फ मर्दा फरार था.

आरोपियों की तलाश के लिए पेल्हार पुलिस ने कई टीमें गठित की थी. इसी बीच राहुल पाल के उत्तर




प्रदेश के भदोई जिले में होने की सूचना मिलने पर पुलिस टीमें रवाना कर दी गईं. लेकिन वह वहां से भी भाग निकला. इसी बीच पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण कर जांच की तो पुलिस को जानकारी मिली कि वह जौनपुर जिले के सकोई गांव आ रहा है. पुलिस ने वहां जाल बिछा दिया था. लेकिन वह रात के अंधेरे में सकोई के जंगल में भटक गया। पुलिस उपनिरीक्षक तुकाराम भोपाले और उनके 4 सहयोगियों ने घने जंगल में पाल का पीछा किया और पाल को मुस्कुराने पर मजबूर कर दिया। उसे नालासोपारा लाया गया और 2 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जितेंद्र वनकोटी के मार्गदर्शन में अपराध जांच शाखा के सहायक पुलिस निरीक्षक सोपान पाटिल और अन्य ने इस मामले की जांच की है. इस मामले में सूरज चव्हाण (25), अखिलेश सिंह (27), साहिल विश्वकर्मा (21), विशाल पांडे (25), विकास पांडे (24) और सुरेंद्र पाल (27) को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। दो फरार आरोपियों की तलाश जारी है.

### पत्नी को किया फोन तो मिला पुलिस का सुराग..

**राहुल पाल ने पुलिस से बचने के लिए अपनी पहचान छिपाई. वह मोबाइल फोन का भी इस्तेमाल नहीं कर रहा था. उनकी पत्नी भदोई जिले में रहती हैं। उन्होंने एक बार अपनी पत्नी को फोन किया. पुलिस ने उसके मोबाइल की सीडीआर (कॉल डिटेल) से नंबर खंगाला और पता लगाया।**

# पनवेल में घरेलू गैस की कालाबाजारी

**पनवेलः** पनवेल शहर पुलिस ने तालुका के उसरली गांव में घरेलू गैस से गैस चोरी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और एक अन्य व्यक्ति पुलिस हिरासत से भाग गया है. पुलिस की इस कार्रवाई से एक बार फिर गैस की कालाबाजारी का खुलासा हुआ है. इससे पहले पुलिस उपायुक्त ने कलंबोली में छापा मारकर टैंकरों से गैस चोरी का मामला उजागर किया था।

पनवेल शहर पुलिस को उसरली गांव के पास शिव मंदिर के पास खुली जगह में गैस की कालाबाजारी की सूचना मिली थी. इसी के तहत पुलिस ने बुधवार दोपहर को जाल बिछाया. 21 वर्षीय मनोज कुमार बिश्नोई को पुलिस ने उस समय हिरासत में लिया, जब वह तीन सीटों वाले रिक्शा में गैस सिलेंडर से खाली काली बोतल में गैस भर रहा था। मनोज का साथी वहां से भाग निकला. मनोज उसी इलाके में ओंकार बिल्डिंग में रहते हैं। वह राजस्थान के बीकानेर जिले के नानेड्डा गांव के मूल निवासी हैं।



मनोज एक गैस सप्लाई एजेंसी में काम करता है। पुलिस ने रिक्शा समेत भारत गैस कंपनी के छह सिलेंडर जब्त कर लिए हैं। पुलिस को रिक्शे में एक लोहे का पाइप भी मिला। मनोज और उसका साथी बड़ी बोतल से गैस निकालकर इस लोहे के पाइप के जरिए छोटी बोतलों में भरते थे. पुलिस जांच में पता चला कि वह इलाके में कालाबाजारी से मिले सिलेंडरों को बेच रहा था।

इस घटना को लेकर क्षेत्रवासियों ने घरेलू गैस सिलेंडर से गैस की आपूर्ति अपर्याप्त होने का संदेह जताया है. पनवेल में एक बड़ा गैस कालाबाजारी गिरोह सक्रिय है और पुलिस के साथ-साथ जिला राजस्व विभाग के आपूर्ति विभाग को सतर्क रहने की जरूरत है। पुलिस की इस कार्रवाई से घरेलू गैस सिलेंडर से गैस चोरी करने वाले गिरोह पर लगाम लग गई है. इस मामले में पुलिस निरीक्षक अंजुमन बागवान के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक अभयसिंह शिंदे और विनोद लभड़े. 285, 34 द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस विनियमन आपूर्ति एवं वितरण आदेश 2000 4(1)(ए) के साथ पंजीकृत किया गया है। फिलहाल, मनोज को कानूनी नोटिस देकर रिहा कर दिया गया है और पुलिस ने कहा कि उसके साथी की तलाश जारी है.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com